FORM NO. III
FORM NO. III

# फर्द अहकाम

( नियम 26 )

**अज अदालत : न्यायालय– मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, भरतपुर**

फूलचंद बनाम समुंदर

इजराय संख्या 54/2025

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 02.04.2026 | डिक्रीदार अधिवक्ता उपस्थित। मदयून अधिवक्ता उपस्थित। मदयून अधिवक्ता ने एक प्रार्थना पत्र इस आशय का पेश किया कि आदेश दिनांक 06.03.2026 की रिवीजन माननीय राजस्थान उच्च न्यायलय में पेश की है जिमसें गत पेशी दिनांक 01.04.2024 थी लेकिन सुनवाई हेतु नम्बर नहीं आने के कारण आगामी पेशी 08.04.2026 नियत की गई है।<br>अतः आगामी तारीख पेशी 08.04.26 के पश्चात् दिये जाने का निवेदन किया। अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में राजस्थान हाईकोर्ट की वेबसाईट से निकाले गये स्टेटस रिपोर्ट की प्रति पेश की।<br>मदूयन द्वारा पेश स्टेटस रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। मदयून द्वारा हस्तगत प्रकरण में रिवीजन माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय में पेश कर रखी है जिसमें आगामी तारीख पेशी 08.04.26 नियत है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इजराय प्रकरणों को छह माह में निस्तारण बाबत् निर्देश दे रखे है। ऐसी स्थिति में प्रकरण के तथ्य एवं परिस्थति को देखते हुये न्यायहित में मदूयन एक अंतिम अवसर दिया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। आगामी पेशी पर मूदयन द्वारा स्थगन आदेश पेश नहीं किये जाने की स्थिति में प्रकरण में डिक्रीदार को विवादित परिसर का कब्जा सुपुर्द किये जाने हेतु दखलवारंट जारी किया जावे।<br>पत्रावली वास्ते पेश होने स्थगन आदेश/जारी होने दखल वारंट हेतु दिनांक 10.04.2026 को पेश हो। | |

Scanned with OKEN Scanner